Uttar Pradesh Technical University

Noida Campus

Name of the News Paper : हिन्दुस्तान

Dated : 27/12/2014

Page No. : 18

18

यूपीटीयू संबद्ध कॉलेजों में ट्रेनिंग देगा आईआईटी बॉम्बे

ऑडियो-वीडियो पाठ्य सामग्री से पढ़ेंगे छात्र

नोएडा | कार्यालय संवाददाता

उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय (यूपीटीयू) के अध्यापक जनवरी से छात्रों को ऑडियो-वीडियो पाठ्य सामग्री की सहायता से पढ़ाएंगे। इसके लिए आईआईटी बॉम्बे यूपीटीयू के अध्यापकों को प्रशिक्षण देगा। शुक्रवार को नोएडा कैंपस में आयोजित बैठक में आईआईटी बॉम्बे की ट्यूटोरियल विभाग की जूनियर प्रोजेक्ट मैनेजर मधु कीर्ति श्रीवास्तव और यूपीटीयू के कुलपति डॉ.आरके खांडल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आठ सदस्यीय समिति गठित की।

इस समिति को प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने का जिम्मा सौंपा गया है। जनवरी के पहले सप्ताह में सेक्टर-62 स्थित यूपीटीयू कैंपस में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के कॉलेजों के 30 अध्यापकों को आईआईटी बॉम्बे के विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। अध्यापकों को बताया जाएगा कि ऑडियो-वीडियो सामग्री की मदद से छात्रों को कैसे पढ़ाना है। प्रथम चरण में कंप्यूटर साइंस (सीएस) और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन (ईसी) विभाग के अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम एक दिन का होगा और इसके लिए अध्यापकों से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद आईआईटी बॉम्बे ऑडियो-वीडियो पाठ्य सामग्री अध्यापकों को सौंप देगा। इसकी सहायता से वे छात्रों को पढ़ाएंगे।

यह होगा फायदा

- छात्र ऑडियो-वीडियो पाठ्य सामग्री से घर बैठकर भी पढ़ सकेंगे
- इसके लिए इंटरनेट की आवश्यकता नहीं पड़ेगी
- पाठ्य सामग्री अंग्रेजी के अलावा बंगाली, गुजराती, तमिल, तेलगू जैसी स्थानीय भाषाओं में भी उपलब्ध है
- इससे उन छात्रों को फायदा होगा जिनकी अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ नहीं है
- शोध के अनुसार छात्र किसी भी विषय को देख और सुनकर 80% तक समझ जाता है

आईटीएम विवि और शारदा के बीच हुआ करार

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क के शारदा विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग' ने वडोदरा के आईटीएम विवि के साथ गुरुवार को शैक्षणिक करार किया। करार के तहत दोनों विवि के 40-40 छात्रों का बैच संयुक्त प्रोजेक्ट के तहत काम करेगा। शारदा के छात्र आईटीएम विवि जाएंगे व आईटीएम के छात्र शारदा आएंगे।

शारदा विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार ने बताया कि 'स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग' के छात्रों के संयुक्त प्रोजेक्ट को करने के लिए गुजरात के आईटीएम विवि के साथ करार हुआ है। करार के तहत छात्रों के रहने खाने का व्यय मेजबान संस्था करेगी। शारदा विवि के छात्रों का पहला बैच आगामी 05 जनवरी को गुजरात के लिए रवाना होगा। इस दौरे में यह टीम वडोदरा के साथ-साथ अहमदाबाद का भी शैक्षिक भ्रमण करेगी। वडोदरा से छात्रों का बैच 07 जनवरी को यहां पहुंचेगा। शारदा के आर्किटेक्चर विभाग के विभागाध्यक्ष राकेश सप्रा ने आईटीएम विवि के दल के साथ एमओयू साइन किया। राकेश सप्रा ने बताया कि छात्रों का दल वडोदरा जाने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

निसबड सिखाएगा स्वउद्यमिता का गुर

यूपीटीयू के कुलपति डॉ. आरके खांडल और राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) के महानिदेशक अरुण कुमार झा ने शुक्रवार को एक करार पर दस्तखत किया। इस करार के तहत निसबड के विशेषज्ञ यूपीटीयू से संबद्ध कॉलेजों के अंतिम वर्ष के छात्रों को खुद का उद्योग लगाने का प्रशिक्षण देंगे। छात्रों को उद्योग का खाका तैयार करने से लेकर उसको सफलता पूर्वक संचालित करने की बारीकी भी सिखाई जाएगी। विशेषज्ञ छात्रों को यह भी बताएंगे कि उद्योग शुरू करने के लिए कहां-कहां से आर्थिक मदद ली जा सकती है।

Uttar Pradesh Technical University

Noida Campus

Name of the News Paper : अमर उजाला

Dated : 27/12/2014

Page No. : 7

शिक्षकों को ट्रेंड करेगा आईआईटी

अमर उजाला ब्यूरो

यूपीटीयू

- आठ लोगों की कमेटी का किया गया गठन

नोएडा। उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय के शिक्षकों को आईआईटी मुंबई प्रशिक्षित करेगा। आईआईटी के शिक्षक यहां की फैकल्टी को प्रशिक्षण देंगे। प्रदेश भर के कॉलेजों के दो-दो अध्यापकों को चयनित किया जाएगा।

आईआईटी संस्थानों के स्तर के बराबर शिक्षण व्यवस्था करने के लिए यूपीटीयू प्रयास कर रहा है। एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद शुक्रवार को सेक्टर-62 स्थित यूपीटीयू कैंपस में आईआईटी मुंबई की प्रतिनिधि मधुकीर्ति श्रीवास्तव और वीसी प्रो. आरके खांडल के साथ बैठक हुई।

इसमें फैकल्टी डेवलपमेंट की रूपरेखा तैयार की गई। इसके मुताबिक यूपीटीयू से संबंध सभी कॉलेजों के दो-दो शिक्षकों को आईआईटी मुंबई के प्रतिनिधि प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक कॉलेज के अन्य अध्यापकों को इसके बारे में बताएंगे।

इससे शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके और नजरिये में सुधार होगा। प्रशिक्षण के प्रबंधन के लिए आठ लोगों की कमेटी गठित की गई है। इसमें सर्वोत्तम कॉलेज के डीजी जमील अहमद, अतुल जैन, डॉ. अंजू सक्सेना, रमन बत्रा, आनंद राय, तनवीर इकराम, प्रो. विद्यार्थी और मुकुल गुप्ता सम्मिलित हैं।